## संक्षिप्त

### 'गीता को दैनिक जीवन में पढ़ना चाहिए'

**टोंक।** शहर स्थित मैत्री सेवा संघ टोंक द्वारा गीता ज्ञान परीक्षा 2024 पुरस्कार समारोह गौरवपूर्ण तरीके से गंगा जमुना गार्डन में आयोजित किया गया। मैत्री सेवा संघ के महासचिव आदर्श किशोर शर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में लालेश्वर मठ के महंत विमर्शानंद महाराज का पदार्पण हुआ एवं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टोंक जिला कारागार अधीक्षक वैभव भारद्वाज एवं अध्यक्षता टोंक जिला भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजीतसिंह मेहता ने की। कार्यक्रम के दौरान जिला कारागृह अधीक्षक वैभव भारद्वाज ने विद्यार्थियों के जीवन में गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। और भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने गीता को महनीय ग्रंथ बताते हुए इसे विद्यालय पाठ्यक्रम में शामिल करने की अनुशंसा की बीकानेर से पधारे हुए महंत विमर्शानंद गिरि महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि गीता को दैनिक जीवन से जोडकर पढना चाहिए।

### जानवर के काटने से बालिका की मौत

**मालपुरा** (निस) नगरपालिका शहरी क्षेत्र से सटी अजमेरो की ढाणी मे रविवार को खेत में परिजनों के साथ गई बालिका को जहरीले जानवर के काट लेने से बालिका की मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता गजेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अजमेरो की ढाणी निवासी रमेश वर्मा की बेटी ज्योति वर्मा जो कि रविवार को अपनी मां के साथ खेत पर गई थी। जहां जहरीले जानवर के काट लेने से बालिका अचेत हो गई। परिजन अचेतावस्था मे बालिका को लेकर मालपुरा अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे अचानक उल्टी होने के कुछ ही पल मे बालिका ने दम तोड दिया।

### फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार पीपलू वृताधिकारी देशराज कुलदीप व थानाधिकारी ओमप्रकाश द्वारा गठित विशेष दल ने एक वर्ष फरार वांछित आरोपी नेहना पुत्र उर्फ लखपत पुत्र बीरसिंह जाति लोदी राजपूतनिवासी फतेहपुर नगर शिकरी, चार हिस्सा थाना फतेहपुर तहसील किरावली जिला आगरा (उत्तरप्रदेश) हॉल निवासी जवाहर नगर नीम दा गेट भरतपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी टॉप-10 अपराधियों में शामिल है, जिसको बाद अनुसंधान के न्यायालय में पेश किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है।

### कब्रिस्तान में किया पौधा रोपण

**चाकसू**(निस) रविवार को कस्बे के मुस्लिम भड़भूजा समाज युवा वेलफेयर सोसयटी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कब्रिस्तान में वृक्षारोपण किया। गौरतलब है कि पिछले दिनों राज्य सरकार की ओर से एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रेरित होकर यंहा पर भड़भूजा समाज ने भड़भूजा समाज युवा वेलफेयर सोसायटी के नेतृत्व में कब्रिस्तान को हरा - भरा बंनाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न किया। जिसमे कई छायादार पेड लगाए साथ ही उनकी देखरेख का जिम्मा भी लिया गया। इस अवसर पर सदर हबीब भाई दौलतपुरा मेंबर रज्जाक खान, जमाल खान, जाकिर कोटखावदा, सलीम पेंटर समसुद्दीन,इमरान भाई, बादशाह, पप्पू खा, इमरान (सैनू) सांगानेर, बबलू खा, छोटू खान, कमालुद्दीन, रियाजुद्दीन, इंतियाज, सिराज, इमरान, बुन्दु भाई, शाहरुख, आशिफ सहित कई लोग मौजूद रहे।

# ए.डी.जी. कोर्ट खोलने की मांग को लेकर बंद रहा देवली

**देवली** (नि स) शहर में रविवार को सामाजिक संगठन एवं सर्वदलीय संगठनों की ओर से यहां एसीजेएम व एडीजी कोर्ट खोलने सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा को फिर से ज्ञापन सौपा गया। जानकारी के अनुसार इससे पहले संगठन के देवली बंद के आव्हान के तहत रविवार को शहर के सभी बाजारों में प्रतिष्ठान बंद रहे।

शहर के व्यस्ततम बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। इससे पहले ममता सर्किल पर अभिभाषक संघ देवली, व्यापार महासंघ, विभिन्न राजनीतिक संगठन के नेता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य एकत्र हुए यह सभी जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए मुख्य बाजार मैं घूमते रहे। इस आंदोलन में अधिवक्ता संघ और सर्वदलीय संगठन शाहिद क्षेत्र वासियों की मांग है कि। देवली में एसीजेएम और एडीजी कोर्ट खोलना अति आवश्यक है। तो वहीं उप जिला अस्पताल भी जल्द से जल्द स्थापित किया जाए। इन्हीं मांगो को लेकर रविवार के दिन देवली के बाजार बंद रहे। तो वही सभी संगठनों का संयुक्त जुलूस मुख्य बाजार से नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचा। और उक्त मांगों को जल्दी पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

■ व्यापार संघ सहित संगठनों के पदाधिकारियों ने जुलूस निकाला



देवली शहर में सामाजिक संगठन एवं सर्वदलीय संगठनों की ओर से एडीजी कोर्ट खोलने सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा को फिर से ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया कि अभिभाषक संघ देवली एवं न्यायालय परिसर में कार्यरत डीड राइटर, टाइपिस्ट, स्टांप वेंडर पिछले 15 दिनों से अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश खोलने की मांग को लेकर धरना, प्रदर्शन व क्रमिक अनशन पर है। लेकिन अभी तक राज्य सरकार की ओर से आश्वासन नहीं मिला। जबकि देवली में उक्त न्यायालय खोलने के लिए सभी निर्धारित मापदंड पूरे हैं।

इसी तरह बजट में देवली के उप जिला अस्पताल को शहर में ही खोले जाने की मांग की है। इसके अलावा देवली में गौण कृषि उपज मंडी स्थापित करने की मांग की। वही फल सब्जी विक्रेताओं पर व्यापारियों के लिए भी अलग से भू आवंटन किए जाने की मांग उठाई गई। इस दौरान अभिभाषक संघ अध्यक्ष महावीर सिंह राठौड़, अधिवक्ता छीतर सिंह, अजीत सिंह, भारत सिंह,अनिल बुरेठिया ललित चौहान ,सागर चौहान बाबूलाल मीणा, संदीप कटिया, बंसीलाल कलवार, भीमराज जैन, रतन मंगल, उमाशंकर खूटेटा, जितेंद्र सिंह चौधरी, बेनी प्रसाद टाक, रीको अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल ने संबोधित किया और पुरजोर तरीके से मांग उठाई है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में 11 पेड़ लगाए

**अलवर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत आज काला कुआं शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 191 पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ,पदाधिकारी एवम आमजन ने यह कार्यक्रम सुना।

इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम वास्तविक रूप में भारत के आमजन के मन की बात है जिसमें संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न क्षेत्रों की विविधताओं के मोतियों से देश एक सूत्र में बंधा हुआ है देश के आम जनमानस के विभिन्न विषय के संबंध में चर्चा हों या पर्यावरण संरक्षण का संदेश मन की बात के माध्यम से सभी की बात की जाती है। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में 11 पेड लगाए गए। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ,मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता सैनी, किसान मोर्चा जिला संयोजक, जितेंद्र राठौर, मंडल महामंत्री नरेन्द्र सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष आशीष अरोड़ा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ममता कंवर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविराज सिंह चौहान , कमल गुप्ता, मोहनलाल गुप्ता,कश्मीरा देवी, रामेश्वर सैनी अजय कुमार ,मोहित शर्मा, आशा खंडेलवाल सहीत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

## स्वीकृत कार्यो को तीन दिन में शुरू करने के आदेश


**मालपुरा,** (निस)जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर ने बताया कि 15वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग जिला परिषद मद से मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में स्वीकृत कार्य पूर्ण नही करवाने की सीईओ से की शिकातय के बाद सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया पंचायत समिति विकास अधिकारी को आदेशित कर तीन दिवस मे कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिये। डीआर गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र के डिग्गी, पारली, डूंगरी, मोरला, कुराड, चबराना, सिंधोलिया, सोडा, सीतारामपुरा, धौली, किरावल, चबराना, आंटोली मे हैण्डपम्प व टयूबवेल सहित नाला निर्माण आदि कार्य स्वीकृत होने पर मार्च मे कार्यादेश शुरू करने के निर्देश दिये गये थे लेकिन आज दिनांक तक भी कार्य नही करने की शिकायत की गई। तथा मामला जिला परिषद की बैठक मे भी उठाया गया था। पंचायत समिति विकास अधिकारी द्वारा कार्य शुरू करवाने से पूर्व ग्राम पंचायत को टेण्डर इत्यादि की प्रक्रिया पूर्ण नही करने से पंचायते उक्त कार्य शुरू नही कर सकती। मामले की शिकायत जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से कर जल्द कार्य शुरू करवाने की मांग गई।

# सिलीसेढ़ बांध के बहाव क्षेत्र में बने होटल और चारदीवारी पर कार्रवाई की तैयारी

**अलवर।** लम्बे समय से मीडिया की सुर्खियों में रहे सिलीसेढ बांध के भराव क्षेत्र पर किए गए सोलह अतिक्रमणों पर प्रशासन ने तोड़ने के नोटिस चस्पा कर दिए लेकिन लोगों का कहना है कि यह तो प्रशासन ने मीडिया को शांत रखने के मजबूरी में जारी किए है जबकि वास्तविकता तो यह है कि इस क्षेत्र में अभी दर्जनों ऐसे अतिक्रमण है जो रसूकदारों के है इनमें राजनेता, अधिकारी और उद्योगपति सहित बडे बिल्डर्स शामिल है।

यहां के निवासियों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां जिला प्रशासन ने बडे मगरमच्छों को बचाने के लिए छोटी मछलियों को अपने जाल में फांसा है उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए सभी अतिक्रमणों को ध्वस्त किया जाना चाहिए।

सिलीसेढ़ के बहाव क्षेत्र में बने होटल और चारदीवारी पर कार्रवाई की तैयारी हो शुरू हो गई है। लंबी जद्दोजहद के बाद शनिवार को सिंचाई विभाग की टीम ने सभी 16 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए। मौके पर खाली पड़े प्लॉट की चारदीवारी पर नोटिस चस्पा भी किए गए। विभाग ने लिखा है कि आपके द्वारा सिलीसेढ की उपरा से जयसमंद को जाने वाले नाले/जयसमंद के कैचमेन्ट के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण किया हुआ। आपको नोटिस के जरिए आदेशित किया जाता है कि अतिक्रमण को आप स्वयं के खर्चे पर 07 दिवस में हटा लें। अन्यथा विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिसकी समस्त हर्जे-खर्चे की जिम्मेदारी आपकी होगी।







बांध भराव क्षेत्र के 16 अतिक्रमणों को तोड़ने के नोटिस चस्पा करने के बाद आगे की कार्रवाई शुरु।

# एक और मोटरसाइकिल चोरी

**देवली** ( नि स) शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने एवं बिना नंबर की बाइकों पर देवली थाना पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। लेकिन इसी बीच शहर के साकेत कॉलोनी से शनिवार को चोरों ने एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर लिया।

देवली थाना प्रभारी राजकुमार नायक के अनुसार चोरी की वारदातों का खुलासा करने तथा संदिग्ध बाइक, बिना नंबर की बाइक के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर तीन टीम गठित की गई। जानकारी के अनुसार देवली शहर में जहाजपुर तिराहे पर सहायक उप निरीक्षक करण सिंह, यातायात प्रभारी इमरान खान, परशुराम सर्कल पर हेडकांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, पेट्रोल पंप चौराहा पर सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह समेत पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से वाहनों पर कार्रवाई शुरू की।

इस दौरान बिना नं की 28 संदिग्ध बाइक व दो संदिग्ध टेंपो बिना नंबर के मोटर व्हीकल अधिनियम 207 के तहत जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते थाना परिसर में बाइकों का जमावड़ा लग गया। यहां देखने वाली बात तो यह है कि एक और तो वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कार्रवाई करती रही। वहीं दूसरी ओर साकेत कॉलोनी से बेखौफ चोर बाइक चुरा कर ले गया। जानकारी के अनुसार यह बाइक कॉलोनी निवासी प्रेम ओझा की है। जो साकेत कॉलोनी स्थित अपने मकान के अंदर गया था कि वहीं दो युवक आए जिन्होंने बाइक चोरी करने के लिए बाइक में तत्काल चाबी लगाई और मौके से बाइक लेकर फरार हो गए।उल्लेखनीय है कि देवली में बाइक चोरी की वारदात बेलगाम हो चुकी है। वही इन चोरों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है। लेकिन स्थानीय पुलिस को चोरों तक पहुंचने की सफलता नहीं मिल रही है।

## वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी हुई

**अलवर।** दी इंसिटिट्ययुशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) अलवर लोकल सैन्टर पर मुख्यमंत्री सघन वन (एक पेड़ मां के नाम) के तहत वृक्षरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी को आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दी इंसिटिट्ययुशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) अलवर लोकल सैन्टर एवं वन विभाग अलवर के सामूहिक तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैयरमेन इंजि. अशोक गुप्ता (मेठी) ने की कार्यक्रम में पधारे मुख्य पर्यावरण मित्र राजेन्द्र कुमार हुड्डा (उप वन संरक्षक) अलवर ने वृक्षारोपण की उचित तकनीक के बारे में पीपीटी के माध्यम से पेड कैसे लगाये और वृक्षों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। एवं मुख्य वक्ता इंजी. राजदीप शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में विभिन्न पर्यावरणविदो ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पर्यावरण मित्र बीना गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण पर कविता वाचन किया। कार्यकम में विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं को उप वन संरक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्मल इंस्ड्रिज के पर्यावरण संरक्षण हेतु किये गये प्रयासों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन इंजी. पकंज तिवारी के द्वारा किया गया।

## सार-समाचार

### संतों का किया सम्मान



**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के गौ गढ़ ब्रह्मचारी आश्रम पर रविवार को परमहंस शिव स्वरुप बाबा आत्मानन्द ब्रह्मचारी जी महाराज की 70वी. पूण्यतिथि (बरसी) मनाई गई। महंत सतगिरी महाराज ने बताया कि सुबह सवा सात बजे से विद्वान विप्रजनों द्वारा वेद मंत्रों के साथ गुरु महाराज आत्मानंद ब्रह्मचारी जी महाराज की मुर्ति का पंचामृत अभिषेक कर नया अचला धारण करा गया। सवा नो बजे से 22 जुलाई से चल रहे नित्य महामृत्युंजय जप व पार्थिव शिवलिंग रूद्राभिषेक कर महाआरती के बाद हुए संत सम्मेलन में धनराज गिरी कुराली पंजाब, उत्तराखंड बागेश्वर से शंकर गिरी महाराज, हरियाणा से शिवानंद सरस्वती जी महाराज, शेखावाटी से हीरापुरी जी महाराज ने भक्तों को आशीर्वचन दिया। महंत सतगिरी महाराज द्वारा संतो के सम्मान के बाद भण्डारा शुरू हुआ जिसमें हजारों भक्तों ने बैठकर लड्डु, भुजिया, पुडी सब्जी की प्रसादी ठाहण की। इस मौके पर भजनों की प्रस्तुति भी दी गई।

### 34 भेंडे चोरी

**चाकसू,**(निस) शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में 34 भेंडे बाडे से चुराने का मामला सामने आया है। भेड मालिक ने चोरों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया है। भेड मालिक किशन रेबारी पुत्र बादर राम रेबारी उम्र 31 वर्ष निवासी रेवारियो कि ढाणी, विमलपुरा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि दिनेश मोगिया पुत्र राजाराम, रतन मोगिया निवासी छापर कि हाणी, जंगलात जयपुर एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा हमारे हाल निवास विशनपुरा, सतोषपुरा तहसील चाकसू जिला जयपुर में एक स्किम राधा गोविन्द के अंदर हमारी 254 भेंडे थी। अभियुक्तों ने आस पास के खेतों कि जाली को काटते हुए हमारे बाडें से 34 भेड़े ले गए। घटना के दो दिन पहले से दिनेश व स्तन मोगिया डेरे के आस-पास चक्कर काटता हुआ देखा गया था। हमारे आवाज लगाने पर वह वहाँ से भाग जाता था। हम लोग घटना की रात 12 बजे तक तो जाग रहे थे। सुबह 8 बजे पता लगा कि प्रार्थी कि भेडे चोरी हो गई, पुलिस को 100 नम्बर भी किया लेकिन पुलिस कि तरफ कोई नहीं आया तथा हमनें आस पास खोज कि तो पता चला कि खेत कि जालिया काटी हुई है। खेतो में लगभग 5-6 व्यक्यिों के पेरो के निशान व जाली पर एक व्यक्ति का तोलिया भी बरामद हुआ। वही पीड़ित अपने दोस्त जयराम व रामस्वरूप अभियुक्त दिनेश के घर पर भी गए लेकिन वह घर पर नहीं था। पीड़ित ने बताया कि भेड़ो को कुछ समय पहले ही उधार खरीद कर लाया था एवं आर्थिक खर्चा इन्हीं भेड़ो से ही चलता था तथा भेंडे चोरी होने से पीड़ित को बहुत नुकसान हुआ है। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### बैडमिंटन में टोंक का शानदार प्रदर्शन

**मालपुरा,** (निस) राज्य पीएम श्री जवाहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन सीटी मे आयोजित युथ राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता मे टोंक की जिला स्तरीय टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मोहम्मद इस्लाम नकवी ने बताया कि प्रतियोगिता मे सेमीफाईनल मुकाबला हनुमानगढ से हुआ। जिसमे टोंक का शानदार प्रदर्शन रहा। वही फाईनल मुकाबले मे बीकानेर को टोंक ने दो सीटो से हरा कर जीत का परचम लहराया। टीम मे शामिल छात्रा वर्ग मे कृष्णा शर्मा, छात्र वर्ग मे हर्षित जांगिड को उत्कर्ष्ट खिलाडी का पुरस्कार मिला। टीम के स्वर्ण पदक जीतने पर जिला बाल बेडमिन्टन संघ के जिलाध्यक्ष मूलशंकर शर्मा,मोहम्मद इस्हाक नकवी,युसुफ पटेल, किशनलाल जाट,कन्हैयालाल सैनी, मुन्नवर अली, मारूफ, अली हसन सहित प्रशिक्षक अब्दुल्ला नकवी, मोहम्मद ईस्लाम ने खिलाडियो को बधाई दे उज्जवल्ल भविष्य की कामना की।

### डॉ. शर्मा भारत गौरव से सम्मानित

**टोंक।** श्रीरघुनाथ धाम ज्योतिष एवं आध्यात्म शोध संस्थान जयपुर द्वारा आयोजित ज्योतिष महाकुम्भ, ज्योतिष शोध संगोष्ठी विद्वान् सम्मान समारोह महल रजवाडा रिसोर्ट जयपुर में शनिवार को आयोजित किया गया। आयोजक स्वामी सोरभ राघवेंद्राचार्य महाराज ने मनु ज्योतिष एवं वास्तु शोध संस्थान टोंक के निदेशक महर्षि बाबूलाल शास्त्री एवं महासचिव डॉ बालकिशन शर्मा दूनी को उनके द्वारा भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति एवं वेद ज्योतिष ज्ञान, वास्तु शास्त्र के प्रति किये जा रहे विधाओं के प्रचार-प्रसार व संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान, जन सेवा, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर विशेष रूप से सम्मानित किया।

### डॉ. नरूका सम्मानित

**निवाई।** राहोली के शिक्षाविद डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका को जयपुर के इण्डियाना पैलेस में आयोजित विशिष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह में ठामीण शिक्षा में बच्चों के ड्रॉप ऑउट रेशो को कम करने, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, ठामीण प्रतिभाओं को राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय पर पहचान दिलाने व शैक्षिणक नवाचारों के लिए एक्सीलेंसी आइकॉनिक अवार्ड समारोह में बेस्ट प्रिन्सिपल ऑफ द ईयर टाइटल से सम्मानित किया गया। डॉ. नरूका को यह सम्मान जानी मानी अभिनेत्री ईशा देओल ने प्रदान किया है। गौरतलब हो कि शिक्षाविद डॉ. नरूका ने बधिर समुदाय के कलाकारों की कला उन्नयन के लिए डेफ आर्ट मूवमेंट फाउंडेशन की स्थापना भी की है।

### भ्रुण मिलने फैली सनसनी

**निवाई।** बरोनी पुलिस थाना क्षेत्र मे बनास नदी में पिलर नम्बर तीन के पास एक नवजात बच्चे का भ्रुण मिला है। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त घटना से एक बार फिर से मां की ममता तार-तार हुई है। जो समाज में शर्मशार व निन्दनीय है। बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि बनास नदी में पिलर के पास एक नवजात बच्चे का भ्रुण मिला है। सूचना पर थानाधिकारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और भ्रुण को कब्जे मे लेकर सआदत अस्पताल टोंक की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

**विराटनगर।** विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने रविवार को अपने ग्राम भांकरी स्थित निवास स्थान पर जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और उन्होंने समस्याओं को सुनने के उपरांत सबन्धित अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता से निपटान करने के निर्देश दिये। विधायक धनकड ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों के लिए काफी योजनाओं को चला रही है।

इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा। क्षेत्र के लोगों की हर परेशानी और समस्या का प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं का निदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना उनका दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान में कोई तकनीकी या अन्य समस्या आ रही है, उस बारे उन्हें अवगत करवाएं। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने विधायक से बिजली, सडक, पानी, बरसाती पानी की निकासी व अन्य समस्याओं से संबंधित लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निदान कराने का अनुरोध किया। वहीं अन्य क्षेत्रों से आये लोगों ने भी अपनी-अपनी शिकायत का निवारण करने के लिए विधायक से गुहार लगाई। विधायक ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जायेगा।

इस दौरान बजट मे विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए हुई घोषणाओ को लेकर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने विधायक कुलदीप धनकड का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बडी संया मे जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'अंतिम छोर तक बैठा पार्टी का हर कार्यकर्ता ही भाजपा का ब्रह्मास्त्र है'

**सांभरझील,** (निसं)। यहां कटला बाजार स्थित उम्मेद टाउन हॉल (श्री सांभर पुस्तकालय) में भाजपा मंडल की कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला पदाधिकारी शिवजीराम कुमावत के मुख्य आतिथ्य में हुई।

इस मौके पर शिवजी राम कुमावत ने कहा कि अंतिम छोर तक बैठा पार्टी का हर कार्यकर्ता ही भाजपा का ब्रह्मास्त्र है। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही पार्टी आज केंद्र में तीसरी दफा सरकार बनाने में सफल हुई है। हमें उम्मीद है आने वाले पंचायत समिति व नगर पालिका के चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह से छूमंतर हो जाएगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा व नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी की मौजूदगी में आयोजित बैठक में कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए। पार्टी पदाधिकारीयों का कहना है कि किसी के मन में कोई गलगच नहीं रहनी चाहिए,भाजपा का प्लेटफार्म सभी कार्यकर्ताओं के विचार और सुझाव जानने के लिए एक समान है। इससे पहले कांठोस के खिलाफ राजनैतिक प्रस्ताव नेता प्रतिपक्ष अनिल गट्टानी ने रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में वाइस चेयरमैन नवल किशोर सोनी, वकील दिव्य राजवीर गुर्जर, राधेश्याम शर्मा, राजेश पारीक, उपेंद्र कुमार वर्मा, सुरेश जोबनेरिया प्रेमचंद सैनी, चन्द्रप्रकाश माली, रामावतार माली, किशन लाल कुमावत, हीरालाल तंवर, राजेश चंदेल, दीनदयाल सबलानियां, संतोष सांभरियां, शैलेश माथुर सहित अनेक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी उपस्थित रही।



भाजपा मंडल की कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला पदाधिकारी शिवजीराम कुमावत के मुख्य आतिथ्य में हुई।

## हर कार्यकर्ता व पदाधिकारी कांग्रेस का मजबूत स्तंभ है : मिश्रा

**अलवर।** विधानसभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ के ब्लॉक लक्ष्मणगढ़ में कांग्रेसजनों का आभार, धन्यवाद एवं समीक्षा बैठक का रविवार को आयोजन किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि लक्ष्मणगढ ब्लॉक के धौली कोठी मौजपुर में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांठोस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अलवर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एवं मुंडावर विधायक ललित यादव, राजगढ़ - लक्ष्मणगढ विधायक मांगेलाल मीणा, सहित वरिष्ठ कांठोसजन, कांठोस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान सभी अतिथियों का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी कांठोस का एक मजबूत स्तंभ है, उन्होंने लोकसभा चुनाव में 8 विधानसभा में से सबसे अधिक वोटों से कांठोस को यहाँ से जिताने के लिये कांग्रेसजनों को धन्यवाद दिया। अलवर लोकसभा प्रत्याशी व विधायक ललित यादव ने राजगढ-लक्ष्मणगढ से कांग्रेस को जीत दिलाने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

स्थानीय विधायक मांगेलाल मीणा ने कहा कि जिस तरह से जनता जनार्दन ने कांग्रेस पर विश्वास व्यक्त किया है मैं उनकी हर समस्या के समुचित समाधान के लिये प्रयासरत रहूंगा। कार्यक्रम में प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा, कठूमर यूथ कांठोस अध्यक्ष धर्मपाल नंगली, राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ यूथ कांठोस अध्यक्ष गोपेश भारद्वाज, रामप्रकाश शर्मा, हारुन खान डायरेक्टर नूरुद्दीन खान, इकबाल खान, रघुवर सैनी, बसमीना, खुशाल खान,अयूब खान, नवल किशोर मीणा, शिव सहाय मीणा एडवोकेट राशिद खान, मामदीन खान दुलीचंद सीथल आदि मौजूद रहे।